दैनिक पंचांग

31 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

सोमवार 2025 वर्ष का 90 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वितीया 09.12 बजे तदनन्तर तृतीया 05.43 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 13.45 बजे को समाप्त। **योग** वैधृति 13.46 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 09.12 बजे, तैतिल 19.26 बजे तदनन्तर गर 05.43 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 01.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 04° 10' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872300 **जूलियन दिन** 2460765.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 01 **विशेष** झूलेलाल जयंती, गौरी पूजा, गणगौर, मत्स्य जयंती।

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मीन में	**मेष**	06.39 बजे से
चंद्र	मेष में	**वृष**	08.19 बजे से
मंगल	मिथुन में	**मिथुन**	10.17 बजे से
बुध	मीन में	**कर्क**	12.30 बजे से
गुरु	वृष में	**सिंह**	14.47 बजे से
शुक्र	मीन में	**कन्या**	16.58 बजे से
शनि	मीन में	**तुला**	19.09 बजे से
राहु	मीन में	**वृश्चिक**	21.24 बजे से
केतु	कन्या में	**धनु**	23.40 बजे से
राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक		**मकर**	01.45 बजे से
		कुंभ	03.31 बजे से
		मीन	05.04 बजे से

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
अमृत	05.53 से	07.22 बजे तक	**चर**	05.43 से	07.14 बजे तक
काल	07.22 से	08.50 बजे तक	**रोग**	07.14 से	08.45 बजे तक
शुभ	08.50 से	10.19 बजे तक	**काल**	08.45 से	10.17 बजे तक
रोग	10.19 से	11.48 बजे तक	**लाभ**	10.17 से	11.48 बजे तक
उद्वेग	11.48 से	01.17 बजे तक	**उद्वेग**	11.48 से	01.19 बजे तक
चर	01.17 से	02.45 बजे तक	**शुभ**	01.19 से	02.51 बजे तक
लाभ	02.45 से	04.14 बजे तक	**अमृत**	02.51 से	04.2 बजे तक
अमृत	04.14 से	05.43 बजे तक	**चर**	04.22 से	05.53 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभला श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। **at Jagrutidaur.com, Bangalore**

`Special 2 जोड़ी 4 पेनल चांस'

चैत्र नवरात्रि एवं ईद के अवसर पर सिर्फ 2 जोड़ी 4 पेनल 2 सिंगल आंकड़े दिनांक 31 मार्च सोमवार 1 अप्रैल मंगलवार और 3 व 4 अप्रैल गुरूवार शुक्रवार में अलग से तैयार स्पेशल चॉंस Kalyan ,Milan, Main bazaar के लिए

ज्योतिष/सलाहाकार व गणितज्ञ प्रोफेसर पं. एस.के.जैन
मोबाइल 9993739871 whatsup **9179853353**

विशेष नोट 20 पेनल स्पेशल लाईफ टाईम चार्ट एवं साप्ताहिक जोड़ी चार्ट उपलब्ध है

नील गगन के नक्षत्र

सोम	5 140-447	7 890-377	8 189-459
मंगल	3 120-445	4 356-570	6 466-169
बुध	1 128-579	2 480-499	4 357-770
गुरु	2 129-345	3 256-355	5 456-230
शुक्र	2 480-778	6 277-259	0 235-488
शनि	6 358-123	7 124-467	8 260-189

320-490-689 360-469-568 129-679-699
578-280-235 459-567-378 455-230-267

सूर्योदय	साप्ताहिक	सूर्यास्त
235 389 0 569 145	140 500 5 456 230	125 666 8 459 440

भविष्यफल

आज जन्म लिए बालक का फल.....

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, चैत्र शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्व शुक्रोदय पूर्व तिथि दोइज, सोमवासरे, अश्वनी नक्षत्रे, वैश्य योगे, कौलव करणे, मेष की चंद्रमा, सव्याल मास, 10 मु. मूल समाप्त दिन के 4/24 पंचक समाप्त सांय 6/40 तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ व उत्तम होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, दार्शनिक, चपल, चंचल, उद्यमी, शिक्षक-शिक्षाविद्, नौकरी करने वाला, पटवारी, माइनिंग का व्यापारी, कुशल शासक-प्रशासक, उद्योगपति, धनी होगा।

मेष राशि : अपने आप पर नियंत्रण रखें, चिन्ता विभ्रम तथा अशांति से बचें, रुके कार्य बनेंगे।

वृष राशि : कोई शुभ समाचार हर्षप्रद रखे, थकावट बेचैनी तथा धन का व्यय अवश्य होगा।

मिथुन राशि : शुभ समाचार से हर्ष तो होगा किन्तु भावना उत्तेजित होगी, मानसिक कष्ट होगा।

कर्क राशि : दैनिक कार्यवृत्ति में सुधार हो एवं कार्य योजनाएं फलीभूत होंगी, भिन्न-मिलन।

सिंह राशि : असमंजस क्लेशप्रद रखें, झूठे आश्वासन पर विश्वास न करें, समय का ध्यान रखें।

कन्या राशि : दैनिक व्यवसाय गति अनुकूल, स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास, लाभ होगा, ध्यान रखें।

तुला राशि : समय पर सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे, बौद्धिक विकास की क्षमता में वृद्धि अवश्य होगी।

वृश्चिक राशि : अनायास तनाव-क्लेश, अशांति, उपद्रव, विरोधी से विवादास्पद स्थति बनेगी।

धनु राशि : समय की अनुकूलता से लाभांवित होंगे, शुभ समाचारों के मिलने से खुशी होगी।

मकर राशि : स्त्री शरीर कष्ट होगा, कुटुम्ब में सुखवर्धन के योग बनेंगे, सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

कुंभ राशि : कार्यकुशलता से संतोष, परेशानी व चिन्ताजनक स्थिति बनेगी, ध्यान रखें।

मीन राशि : स्थिति में सुधार होगा, व्यवसाय अनुकूल, अधिकारी सहयोग करें।

वास्तु के अनुरूप कहां कैसे रंग करें

घर का वातावरण ही हमारे मन और विचारों को प्रभावित करता है। जैसा हमारे घर का वातावरण होगा वैसे ही हमारे विचार होंगे। कई घरों में लड़ाई-झगड़े, क्लेश आदि होता है, कई बार इन समस्याओं की वजह वास्तुदोष भी होता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर की हर वस्तु हमें पूरी तरह प्रभावित करती है। घर की दीवारों का रंग भी हमारे विचारों और कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है। हमारे घर का जैसा रंग होता है, उसी रंग के स्वभाव जैसा हमारा स्वभाव भी हो जाता है। इसी वजह से घर की दीवारों पर वास्तु के अनुसार बताए गए रंग ही रखना चाहिए। रंगों का प्रभाव जीवन यात्रा में आने वाले सभी रिश्तों पर पड़ता है चाहे वह पारिवारिक या कार्मिक रिश्ता हो प्रभाव तो अवश्य पड़ेगा इसलिए रंगो का चयन अवश्य ही करना चाहिए। जैसे हरा रंग विकास का सूचक है

बैठक कक्ष का रंग : बैठक कक्ष , मेहमान का कमरा या स्वागत कक्ष हमारे घर का बहुत ही महत्वपूर्ण कमरा होता है यह वह स्थान है जहां घर के सभी सदस्य एक साथ बैठते है तथा अतिथि भी जब घर में आते है तो सबसे पहले इसी कक्ष में उनका स्वागत होता है। अतः ड्राइंग रूम में ऐसे रंगों का प्रयोग करे जो आपके इंटीरियर में चार चांद लगा दे। अपने बैठक कक्ष में सफेद, गुलाबी, पीला, क्रीम या हल्का भूरा रंग तथा हल्का नीला का प्रयोग करना चाहिए।

शयनकक्ष का रंग : शयन कक्ष की दीवारों पर गहरे और आँखों को चुभने वाले रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस कक्ष में हल्के तथा वैसे रंग का प्रयोग करे जो आपके मन को शांति व सौम्यता प्रदान करने वाला हो।

शयन कक्ष की दीवारों पर आसमानी, हल्का गुलाबी, हल्का हरा तथा क्रीम रंग का प्रयोग करवाना चाहिए।

भोजन कक्ष में किस रंग का प्रयोग करे : भोजन के कमरा का बहुत ही महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यह वह स्थान होता है जहां पर घर के प्रत्येक सदस्य एक साथ बैठकर भोजन करते है। भोजन के दौरान कई बार बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय भी ले लिया जाता है अतः इस स्थान पर वैसे रंग का प्रयोग किया जाए जो घर के सभी सदस्यों को जोड़ने तथा कोई भी निर्णय लेने में सहायक हो। भोजन के कमरा में हल्का हरा, गुलाबी, आसमानी या पीला रंगशुभ फल देता है।

रसोईघर : वास्तु शास्त्र में दक्षिण पूर्व दिशा जिसे आग्नेय कोण भी कहा जाता है में रसोई घर बनाना चाहिए। इस दिशा का स्वामी ग्रह शुक्र है तथा देवता अग्नि (आग) है। अपने रसोईघर में सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह के लिए हमें शुक्र ग्रह से सम्बन्धित रंग का ही प्रयोग करना चाहिए।

रसोईघर के लिए सबसे शुभ रंग सफेद अथवा क्रीम होता है। यदि रसोईघर में वास्तु दोष है तो रसोईघर के आग्नेय कोण में लाल रंग का भी प्रयोग कर सकते है।

गुरु महेश जैन, इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य अनुष्ठानकर्ता, रणापुर जिला झाबुआ मध्यप्रदेश, 7000098868 9425188009

विक्रमोत्सव 2025 के तहत सूर्यकोटि उपासना कार्यक्रम का जिला मुख्यालय पर हुआ आयोजन

संस्कृति विभाग के कलाकारों ने सम्राट विक्रमादित्य केंद्रित संजीव नाट्य का किया प्रस्तुतीकरण

बड़वानी। राज्य शासन के निर्देशानुसार विक्रमोत्सव 2025 का शुभारंभ 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पर्व से चैत्र प्रतिपदा 30 मार्च तक संपूर्ण राज्य में पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। जो सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण एवं भारत विद्या पर केंद्रित रहा। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय पर विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत सूर्य कोटि उपासना कार्यक्रम संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया गया।

सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केंद्रित नाट्य का किया प्रस्तुतीकरण

संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य आपके जीवन पर केंद्रित नाट्य मंचन की शुरुआत में वर्तमान समय के युवाओं के नववर्ष मनाने के तरीके और हमारी प्राचीन संस्कृति के बीच का अंतर दिखाया गया। दादा एवं पोते बालक विक्रम के बीच हुए संवाद को मंच पर संजीव प्रस्तुत करते ही चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य से संबंधित इतिहास एवं उनके द्वारा स्थापित ऊंचे आयामों एवं मापदंडों को दर्शकों ने जाना।

मुख्य अतिथि ने दिया उद्बोधन

राज्यसभा सांसद डॉ सुमेर सिंह सोलंकी, कलेक्टर गुंचा सनोबर, जिला पंचायत सीईओ काजल जावला एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद ने कहा कि हमारी परंपरा और संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। सम्राट विक्रमादित्य पराक्रम साहस और ज्ञान के पर्याय हैं। हम सभी सम्राट विक्रमादित्य के गुणों को अपने जीवन में धारण करें एंव सत्यनिष्ठा एवं जल संग्रहण का भी संकल्प ले।

कलेक्टर ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने शासन, प्रशासन, न्याय, अध्यात्म, कर्म प्रधानता के ऊंचे आयाम एवं मापदंड स्थापित किए। शत्रुओं पर विजय के प्रतीक के रूप में 57 ईसा पूर्व विक्रम संवत का प्रारंभ हुआ, जो राष्ट्रीय संवत कहलाता है। यह शुद्ध प्राचीन एवं वैज्ञानिक है जो सबसे प्राचीन काल गणना का आधार है। 12 महीने का 1 वर्ष और 7 दिन का एक सप्ताह रखने का प्रचलन विक्रम संवत से ही प्रारंभ हुआ। सवंत अनुसार महीने का हिसाब सूर्य एवं चंद्रमा की गति पर रखा जाता है।

संस्कृति और इतिहास का भव्य संगम

नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति ने यह सिद्ध कर दिया कि हमारी संस्कृति सिर्फ अतीत का गौरव नहीं, बल्कि भविष्य की प्रेरणा भी है। सम्राट विक्रमादित्य की गाथा ने हर दर्शक के हृदय में देश और संस्कृति के प्रति नई चेतना और उत्साह का संचार किया।

जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने शिवकुंज योगा ग्रुप ने ली शपथ

बड़वानी। डग-डग पानी पग-पग निर कह रहा है भारत का सुंदर अतीत किसी जमाने में पग-पग पर हमें पानी के पोखर बहते हुए नजर आते थे। जहां खोदों वहां पानी हर पानी के परंपरागत स्रोत जल से लबालब होते थे।

हमारी संस्कृति में भी नदी पुजन, कुआं पुजन आदि जल स्त्रोतों की मुख्य कार्यक्रमों सहित विशेष अवसरों पर पुजन-अर्चन का विधान है। लेकिन बढ़ती जनसंख्या एवं

आधुनिक जीवन शैली में कहीं ना कहीं हम अपने पुराने जल स्त्रोतों की सही देखभाल करने में चूक रहे हैं। जिसे ध्यान आकर्षण करने के लिए मध्यप्रदेश शासन जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 जैसे सामुदायिक जागरूकता अभियान चला रहा है। इस अभियान से जहां लोगों में जल का दुरुपयोग रोकने की भावना जागृत हो रही है, वहीं वर्षाकाल के जल को सहेजने के लिए भी लोग आगे आने लगे हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए शिवकुंज योगा ग्रुप द्वारा इस वर्ष भी सामूहिक शपथ लेकर जल गंग संवर्धन अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रण किया। इस अवसर पर सदस्यों ने शिवकुंज की तलहटी के आगजनी से क्षतिग्रस्त क्षेत्र को भी फिर से जल की हर एक बूंद का सदुपयोग कर उसे पुनरू हरा भरा बनाने के लिए भी अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान युगाब्द 5127 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 नवसंवत्सर के पावन अवसर पर सभी सदस्यों को शिवकुंज में टीका लगाकर तथा गुड़ धनिया एवं नीम की पत्ती खिलाकर नूतन वर्ष का अभिनंदन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शिवकुंज आशाग्राम के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

जीवन ऐसे जियो की दुनिया से जाने के बाद लोग तुम्हें याद करे

बड़वानी। दिगम्बर जैन मंदिर में विराजित परम पुज्य राष्ट्र ऊमायक, युग उत्कृष्ट समाधि धारक, राष्ट्र गौरव, गणचार्य विराग सागर महा मुनिराज के शिष्य गणधर श्रमण मुनि श्री विवर्धन सागर एवं प्रवर्तन श्रमण परम पूज्य मुनि श्री विश्व नायक सागर महाराज एवं गणिनी आर्यिका विशिष्ट मति माता ससंघ ने रविवार को जैन मंदिर में दर्शन किए। उसके बाद भगवान के अभिषेक और शांतिधारा किए गए। वहीं मुनि संघ के सानिध्य में आचार्य विराग सागर महा मुनिराज के चित्र के समक्ष पुजन कर यहां विराजित चतुर्विध संघ की भी पुजन की गई। मुनिश्री के संघस्थ श्रमणी आर्यिका विवित श्री ने धर्म सभा को संबोधित। मुनि श्री विवर्धन सागर महाराज ने बड़वानी को परिभाषित किया। धर्म सभा के बाद समस्त मुनि संघ की आहार चर्या हुई। दोपहर में सामयिक के बाद 1.30 बजे हरसुख दिगंबर जैन स्कूल स्थित चौत्यालय में कल्याण मंदिर विधान किया। जिसमें समाज के युवा, बच्चे, पुरुष, महिला सम्मिलित हुए। इस विधान में कुल 44 अर्ध चढ़ाए गए जो मुनिसंघ के सानिध्य बहुत ही भक्ति भाव से संपन्न हुआ। शाम को ही प्रतिक्रमण, गुरु भक्ति, मुनिसंघ और आचार्य भगवंत की आरती तथा आनंद यात्रा आयोजित की गई।

हरबोला ब्रदर्स के अंकित शर्मा की दादी का निधन

सूचना पर रोटरी क्लब ने कराया नेत्रदान

बड़वानी। समीपस्थ धार जिले के मनावर के समीप टोंकी ग्राम के प्रसिद्ध यूट्यूबर हरबोला ब्रदर्स के अंकित शर्मा की दादी लीला बाई का निधन जिला चिकित्सालय बड़वानी हो गया। जिस पर उन्होंने एवं उनकी बहन मोना गोतम त्रिवेदी झाबुआ ने सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन को सूचना दी। जैन तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचे और शर्मा परिवार को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। परिवार की सहमति मिलने पर डॉ चक्रेश पहाडिय़ा के साथ किट लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे और नेत्रदान की प्रक्रिया को सम्पन्न किया और कॉर्निया निकालकर एमके इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर पहुंचाया।

रोटरी क्लब सचिव ललित जैन ने परिजनों से सहमति पत्र भराया। रोटरी क्लब के जागरूकता अभियान से आमजन में नेत्रदान के विषय में जो भ्रांतियां थी, वो अब कम हो रही है। रोटरी क्लब ने दुरूख की घड़ी में दो लोगों को रोशनी देने वाले अशोक शर्मा, पवन शर्मा, शंकर शर्मा, मनोज शर्मा, अंकित शर्मा, शिवम शर्मा, राहुल शर्मा, अनुनय शर्मा, राजू पंवार और सीएचएमओ डॉ सुरेखा जमरे, सिविल सर्जन डॉक्टर अनिता सिंगारे का आभार व्यक्त किया।

एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन

बड़वानी। राज्य पोषित योजना अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आजीविका भवन में किया गया।

जिसमें विधायक राजन मण्डलोई, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंतसिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य करण दरबार, कृषि स्थाई समिति के प्रतिनिधि नन्दकिशोर नागौर, भारतीय किसान संघ अध्यक्ष भगवान पटेल, महामंत्री कमल सिंह तोमर, डॉ एसके त्यागी उद्यानिकी वैज्ञानिक केवीके खरगोन, डॉ एसके बड़ोदिया प्रधान वैज्ञानिक केवीके तलून, अहिरवार केवीके तलून, संजीव अग्रवाल लीड बैंक मेनेजर, गोविन्द पटेल उप संचालक उद्यान बड़वानी एवं विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

डॉ त्यागी द्वारा उद्यानिकी प्रमुख फसलों की उन्नत तकनीकी के बारे में, डॉ बड़ोदिया द्वारा जैव विविधता एवं जैविक खेती, हिमांशु डावर ग्राम सालीटांडा द्वारा स्ट्रॉबेरी की खेती एवं बाबुलाल काग ग्राम मण्डवाड़ा द्वारा उद्यानिकी फसलों की जैविक खेती के बारे में जानकारी दी गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के माध्यम से कराई जाएगी मध्यान्ह भोजन की टेस्टिंग

बड़वानी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तारतम्य में जारी पीएम पोषण नियम 2015 की कंडिका 4 एवं संयुक्त सचिव, भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पत्र में दिए गए निर्देशानुसार पीएम पोषण अंतर्गत जिले की समस्त शालाओं में विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म पके हुए भोजन के सेम्पल की टेस्टिंग कराई जाना अनिवार्य है। जिले की लक्षित समस्त शालाओं में विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म पके हुए भोजन के सेम्पल की टेस्टिंग खाद्य एवं औषधी प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी से फूड टेस्टिंग कराई जाए।

माह मार्च 2025 में प्रत्येक ब्लाक की कम से कम 50 शालाओं में भोजन के सेम्पल की टेस्टिंग कराकर रिपोर्ट जिला स्तर पर प्रेषित करें, जिससे प्रतिवेदन वरिष्ठालय को प्रेषित की जा सके। 29 मार्च को जिला पंचायत सीईओ काजल जावला के निर्देशन में जिले की 6 शालाओं में स्व सहायता समूह द्वारा बनाए गए भोजन के नमूनों का संग्रहण खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार अंचल द्वारा किया गया। उन्होंने मिक्स सब्जी, मिक्स दाल एवं समूह द्वारा बनाए गए परांठों के 27 नमूनों का संग्रहण किया है।

पाटी में भी प्रारंभ किया जल गंगा संवर्धन अभियान

बड़वानी। 30 मार्च से 30 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में संदर्भ में जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 का जनपद पंचायत पाटी स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गोई नदी किनारे महादेव मंदिर परिसर में स्थापित अंकुर उपवन में साफ-सफाई श्रमदान, पौधारोपण, गंगा पुजन तथा प्राचीन पेंड़ियों के आसपास साफ-सफाई कार्य किया गया। जिसमें स्वंयसेवी संस्था सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों तथा अन्य सभी को जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष थानसिंह सस्ते, उपाध्यक्ष, रणजीत वास्कले, वरमा सोलंकी सदस्य जिला पंचायत, भाजपा मण्डल अध्यक्ष संजय वर्मा, नरेन्द्र राठौर, शब्बीर मिजां, सावन चौहान, सुभाष पटेल, मनोज दांगी, केतन वर्मा, तथा जनपद पंचायत, पाटी, ग्राम पंचायत, पाटी, जन अभियान परिषद पाटी तथा ब्लॉक स्तरीय अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

पीएम मोदी के मन की बात का कार्यक्रम जीवन मूल्यों में बदलाव लाने के लिए प्रेरक - डॉ सुमेर सिंह सोलंकी

बड़वानी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम का 120वां एपिसोड का सीधा प्रसारण रविवार को जिले भर में कार्यकर्ताओं एवं जिला पदाधिकारियों द्वारा अनेक बूथों पर देखा व सुना गया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि बड़वानी के वार्ड क्रं. 2 व बूथ नं. 167 में स्थित भाजपा कार्यालय पर राज्यसभा सांसद डॉ सुमेर सिंह सोलंकी एवं जिलाध्यक्ष अजय यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ

प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के कार्यक्रम का श्रवण किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात का कार्यक्रम जीवन मूल्यों में बदलाव लाने के लिए प्रेरक है। मन की बात प्रेरणा देने वाला कार्यक्रम तो है, ही साथ ही देश भर के अनेक नवाचार को आत्मसात करने का मौका भी देता है तथा एक सफ्तता की कहानी पेश कर आमजनों को अपने जीवन में बेहतर करने की प्रेरणा व मार्गदर्शन भी देता है। वहीं जिलाध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में हमारे देश के छोटे-छोटे नेनिहालों को गर्मी की छुट्टियां कैसे बिताना चाहिए, जो बच्चों के लिए प्रेरक है तथा कृष्ण कमल के फूल का जिक्र भी किया। साथ ही खेलो इंडिया के बारे में युवाओं को मार्गदर्शन दिया तथा जल संरक्षण के लिए अपने प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि उन्हें मन की बात का प्रत्येक एपिसोड देखना चाहिए, जिससे देश के प्रत्येक विषय की जानकारी मिले व हमारा ज्ञानवर्धन भी होगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री विक्रम चौहान, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित शर्मा, नगर अध्यक्ष शुभम पांडे, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि निकू चौहान, कार्यालय मंत्री राजेन्द्र सोनी, सह कार्यालय मंत्री नरेंद्र बर्फ आदि उपस्थित रहे।